प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2023-24

विषय - हिंदी (ऐच्छिक)

विषय कोड - 002

कक्षा - बारहवीं

निर्धारित समय: 03 घंटे **अधिकतम अंक : 80 अंक**

सामान्य निर्देश :-

- निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :-
- इस प्रश्न पत्र में खंड 'अ' में वस्तुपरक तथा खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्न - पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 14 है।
- खंड 'अ' में उप - प्रश्नों सहित 40 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, सभी 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
- खंड 'ब' में 08 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।
- दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

	खंड – अ (वस्तुपरक प्रश्न)	
प्रश्न संख्या	**अपठित बोध**	**अंक (18)**
प्रश्न 1.	निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :-	**10x01=10**
	अनेक पक्षी प्रजातियों की लगातार विलुप्त होती संख्या बड़ी चिंता का विषय है। इससे पूरे विश्व की जैव विविधता प्रभावित हो रही है। भारत में भी कई पक्षियों की प्रजातियां लगातार कम होती जा रही हैं। हाल ही में पक्षियों से संबंधित एक रपट में लगभग तीस हजार पक्षी प्रेमियों के आंकड़ों के आधार पर कहा गया है कि भारत में पक्षी प्रजातियों की संख्या में बहुत अधिक	

	गिरावट देखने को मिली है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगर यही स्थिति बनी रही तो कई सौ पक्षी प्रजातियां धीरे-धीरे विलुप्त होने के कगार पर आ सकती हैं। इस रपट में 942 पक्षी प्रजातियों के मूल्यांकन के आधार पर पाया गया कि 142 पक्षी प्रजातियों में लगातार कमी हो रही है और केवल 28 प्रजातियां ऐसी हैं, जिनकी संख्या में बढ़ोतरी हुई है। 'स्टेट आफ इंडियाज बर्ड्स' के मुताबिक, 'रैप्टर' प्रवासी समुद्री पक्षी और बतखों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट देखने को मिली है। शहरीकरण के चलते पशु-पक्षियों के प्राकृतिक आवास नष्ट होने के कारण वे अधिक वायु प्रदूषण और उच्च तापमान के संपर्क में रहने के लिए मजबूर हो जाते हैं, जिससे वे अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं और उनका पूरा जीवन चक्र प्रभावित होता है। शहरों में ध्वनि प्रदूषण होने की वजह से गाने-गुनगुनाने वाले पक्षियों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्हें तेज आवाज में गाने के लिए विवश होना पड़ रहा है। शहरों में प्रकाश प्रदूषण होने की वजह से वे भ्रमित होकर अपने मार्ग से भटक जाते हैं, ऊंची इमारतों से टकराकर उनकी मृत्यु तक हो जाती है। जंगलों के नष्ट होने और शहरीकरण बढ़ने से इनकी खाद्य आपूर्ति में भी कमी आ रही है, जो इनके जीवन के लिए बेहद खतरनाक स्थिति है। भारत व्यावसायिक कृषि की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में अधिकतर उन बीजों को उगाया जा रहा है, जो कृषि नहीं, बल्कि व्यवसाय से संबंधित हैं। भारत में रबड़, कॉफ़ी और चाय के वाणिज्यिक 'मोनोकल्चर' बागानों का तेजी से विस्तार हो रहा है। इसमें साल दर साल एक फ़सल की खेती की जाती है । (साभार : जनसत्ता, 20.09.2023)	
1.	पक्षी प्रजातियों की विलुप्ति चिंता का विषय है क्योंकि इससे :- a. अभयारण्यों में पक्षियों की कमी दिखाई देती है। b. पूरे विश्व की जैव विविधता प्रभावित हो रही है। c. व्यावसायिक कृषि क्षेत्र में समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। d. तापमान अनियंत्रित हो रहा है जोकि विनाशकारी है।	1

<table>
<tr><td>2.</td><td>'रैप्टर' प्रवासी समुद्री पक्षी और बतखों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट का प्रमुख कारण क्या हो सकता है ?
a. प्रवासी पक्षियों का मौसम बदलने पर भारत ना आना।
b. शहरीकरण के कारण।
c. शिकार की कमी।
d. कृषि में व्यावसायिकता।</td><td>1</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>शहरों का प्रकाश प्रदूषण क्या कर सकता है ?
निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
कथन (I) : पक्षियों के गंतव्य में बाधा उत्पन्न करना।
कथन (II) : पंछियों के श्वसन तंत्र में बाधा उत्पन्न करना।
कथन (III) : पक्षियों का ऊँची इमारतों से टकरा जाना।
कथन (IV) : तेज आवाज़ के कारण दिशा भ्रम उत्पन्न करना।
गद्यांश के अनुसार कौन - सा/ से कथन सही हैं ?
a. केवल कथन I सही है।
b. केवल कथन II और IV सही है।
c. केवल कथन I और III सही हैं।
d. केवल कथन I और IV सही हैं।</td><td>1</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>कॉलम 1 में दिए गए शब्दों को कॉलम 2 में दिए गए शब्दों से संबंध स्थापित करते हुए सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए ।
<table>
<tr><th colspan="2">कॉलम 1</th><th colspan="2">कॉलम 2</th></tr>
<tr><td>1</td><td>रेप्टर पक्षी</td><td>(i)</td><td>पक्षियों की विलुप्ति का संकट</td></tr>
</table></td><td>1</td></tr>
</table>

2	मानसिक असंतुलन	(ii)	जलीय पक्षी	
3	जैव विविधता	(iii)	विकार	

a. 1-(ii), 2-(iii), 3-(i)

b. 1-(i), 2-(iii), 3-(ii)

c. 1-(i), 2-(ii), 3-(iii)

d. 1-(ii), 2-(i), 3-(iii)

5.	पक्षी किस कारण गाते - गुनगुनाते हैं ? a. ऋतुओं के प्रभाव में । b. संगीत पसंद है। c. स्वभाव से चंचल होते हैं। d. मनोरंजन के लिए।	1
6.	गद्यांश के अनुसार 'रपट' शब्द का प्रचलित शब्द हो सकता है :- a. फिसलना b. शिकायत पत्र c. पक्षियों से संबंधित संस्था d. रिपोर्ट	1
7.	विशेषज्ञों ने कई सौ पक्षी प्रजातियों की विलुप्ति का अनुमान किस आधार पर लगाया है ? a. जैव विविधता के प्रभावित होने के आधार पर b. आंकड़ों के आधार पर c. शहरीकरण के आधार पर d. प्राकृतिक आवास उजड़ने के आधार पर	1

8.	निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए । **कथन (A) :** शहरीकरण के चलते पशु-पक्षियों के प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहे हैं। **कारण (R) :** भारत में रबड़, कॉफ़ी और चाय के वाणिज्यिक 'मोनोकल्चर' बागानों का तेजी से विस्तार हो रहा है जिससे इनकी खाद्य आपूर्ति में भी कमी आ रही है। a. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है। b. कथन (A) सही नहीं है, कारण (R) सही है। c. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता। d. कथन (A) सही है तथा कारण (R) दोनों सही हैं, कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।	1
9.	पक्षियों के खाने की पूर्ति की समस्या जुड़ी है :- a. प्रकृति के ह्रास से b. शहरों के विस्तार से c. प्रदूषण के साथ d. अन्य पक्षी प्रजातियों की विलुप्ति से	1
10.	वाणिज्यिक 'मोनोकल्चर' का अर्थ हो सकता है :- a. मुनाफ़े की खेती की संस्कृति b. एक ही प्रकार के बीजों की बाज़ार केंद्रित कृषि c. बागानों का अनियंत्रित विस्तार d. कृषि का औद्योगीकरण	1

प्रश्न 2.	दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :-	**08x01=08**
	ठंडे कमरों में बैठकर पसीने पर लिखना कविता ठीक वैसा ही है जैसे राजधानी में उगाना फ़सल कोरे काग़ज़ों पर । फ़सल हो या कविता पसीने की पहचान है दोनों ही । बिना पसीने की फ़सल या कविता बेमानी है आदमी के विरूद्ध आदमी का षडयंत्र-- अंधे गहरे समंदर सरीखा जिसकी तलहटी में असंख्य हाथ नाख़ूनों को तेज़ कर रहे हैं पोंछ रहे हैं उँगलियों पर लगे ताज़ा रक्त के धब्बे । धब्बे : जिनका स्वर नहीं पहुँचता वातानुकूलित कमरों तक और न ही पहुँच पाती है कविता ही जो सुना सके पसीने का महाकाव्य जिसे हरिया लिखता है	

	चिलचिलाती दुपहर में धरती के सीने पर फ़सल की शक्ल में । (साभार : श्री ओमप्रकाश वाल्मीकि)	
1.	इस कविता का मूल स्वर है – a. व्यंग्य b. आदर्शवाद c. कल्पना d. यथार्थवाद	1
2.	फ़सल और कविता को किस आधार पर समान कर्म माना गया है ? a. कर्म b. कमाई c. श्रम d. पसीने	1
3.	कवि ने किस प्रकार के उत्पादन को बेमानी माना है ? a. वातानुकूलित कमरे के b. जिसमें श्रम ना किया गया हो c. बिना धब्बों वाले d. राजधानी में हुए उत्पादन को	1
4.	वातानुकूलित कमरे तक धब्बे का स्वर क्यों नहीं पहुँच पाता है ? निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए – **कथन (I)** : आवाज़ नहीं सुनने के कारण **कथन (II)** : सुनकर अनसुना करने के कारण **कथन (III) :** धब्बे को महत्त्व नहीं देने के कारण **कथन (IV) :** शोषितों की नियति मान लेने के कारण	1

	निम्नलिखित विकल्पों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए। विकल्प:- **a.** केवल कथन (III) सही है। **b.** केवल कथन (IV) सही है। **c.** केवल कथन (II) और (III) सही हैं। **d.** केवल कथन (I) और (IV) सही हैं।	
5.	निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए । **कथन (A) :** कविता को पसीने का महाकाव्य कहा गया है। **कारण (R) :** कवि शोषितों की संवेदना से ही कविता लिखता है। a. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है। b. कथन (A) सही नहीं है, कारण (R) सही है। c. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता। d. कथन (A) सही है तथा कारण (R) दोनों सही हैं, कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।	1
6.	आदमी के विरुद्ध आदमी का षड्यंत्र - पंक्ति में प्रयुक्त आदमी शब्द क्या अर्थ हो सकता है ? a. शोषित – शोषक b. कवि – पाठक c. नेता - आम आदमी	1

	d. मजदूर - किसान	
7.	फ़सल की शक्ल में खेतों में क्या दिखता है ? a. विभिन्न प्रकार के अन्न b. धन - धान्य c. देश की संपन्नता d. मजदूरों का श्रम	1
8.	'राजधानी में बैठकर उगाना फ़सल' - से क्या तात्पर्य है ? a. सत्य से दूर होकर सत्य पर बात करना b. यथार्थ से परिचित ना होना c. श्रम के महत्त्व को ना समझना d. श्रमिकों का मज़ाक उड़ाना	1
प्रश्न संख्या	**अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न**	**अंक (05)**
प्रश्न 3.	निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :-	**05x01=05**
1.	रौनक ने टी.वी. पर जी - 20 की लाइव तस्वीरें देखीं। उसे यह एहसास हुआ कि टी.वी. एक ऐसा माध्यम है जो.... ? उपरिलिखित पंक्ति के आधार पर निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए – **कथन (I) : जागरूक है** **कथन (II) : निष्पक्ष है** **कथन (III) : जीवंत है** **कथन (IV) : संप्रेषणीय है** सही कथन/ कथनों वाले विकल्प को चयनित कर लिखिए।	1

	a. केवल कथन I और IV सही हैं । **b.** केवल कथन II और IV सही हैं। **c.** केवल कथन I और III सही हैं। **d.** केवल कथन III और IV सही हैं।	
2.	श्रीकांत के माता - पिता पढ़ - लिख नहीं सके थे किंतु उन्हें देश - दुनिया की ख़बरों को जानने में बड़ा आनंद मिलता है। उनके लिए पत्रकारिता का कौन - सा माध्यम सर्वाधिक उपयोगी सिद्ध होगा ? a. रेडियो तथा पत्रिका b. टी.वी. तथा इंटरनेट c. रेडियो तथा टी.वी. d. इंटरनेट तथा अख़बार	1
3.	हिंदी का एक प्रसिद्ध समाचार - पत्र भारत के चंद्रयान - 3 की सफलता पर अपनी राय प्रकट करता है। पत्रकारिता के क्षेत्र में ऐसे लेखन को क्या कहते हैं ? a. विचारपरक लेखन b. संपादकीय लेखन c. विशेष रिपोर्ट d. स्तंभ लेखन	1
4.	सुधीर एक फ्रीलांसर पत्रकार हैं। वे एक खास विचारधारा से जुड़े हैं और हिंदी के किसी प्रसिद्ध समाचार - पत्र में लेखन कार्य करते हैं। उनके लेखन कार्य को पत्रकारिता की दुनिया में क्या कहा जाता है ? a. स्तंभ लेखन b. विचारपरक लेखन	1

	c. विशेष रिपोर्ट लेखन d. आलेख लेखन	
5.	विशेष लेखन के लिए किस प्रकार की भाषा शैली अपेक्षित है ? a. साहित्यिक भाषा b. सहज और सरल भाषा c. तकनीकी शब्दावली d. पत्रकारिता की भाषा	1
प्रश्न संख्या	**पाठ्यपुस्तक अंतरा भाग 2 पर आधारित प्रश्न**	**अंक (10)**
प्रश्न 4.	निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :-	**05x01=05**
	मुझ भाग्यहीन की तू संबल युग वर्ष बाद जब हुई विकल, दुख ही जीवन की कथा रही क्या कहूँ आज, जो नहीं कही! हो इसी कर्म पर वज्रपात यदि धर्म, रहे नत सदा माथ इस पथ पर, मेरे कार्य सकल हों भ्रष्ट शीत के-से शतदल! कन्ये, गत कर्मों का अर्पण कर, करता मैं तेरा तर्पण!	
1.	कवि अपनी पुत्री का तर्पण किस प्रकार करता है ?	1

	a. पूर्व में किए गए अच्छे कार्यों को अर्पित कर। b. जीवन के दुखों को सहन कर। c. विपत्तियों का सामना कर। d. कमल पुष्पों से।	
2.	निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए पद्यांश के अनुसार **सही कथन** को चयनित कर लिखिए । a. कवि स्वयं को संघर्षहीन मानता है। b. कवि जीवन को दुख समझता है। c. कवि अपने सकल कार्यों से असंतुष्ट है। d. कवि कर्म को ही धर्म मानता है।	1
3.	कवि ने 'भाग्यहीन का सहारा' किसे कहा है ? a. अपने अच्छे कर्मों को b. मार्ग के दुखों को c. अपनी पुत्री को d. धर्म के मार्ग को	1
4.	निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए । **कथन (A) :** कवि का जीवन संघर्षों से भरा रहा है और संकट में धैर्यशील बना रहा है। **कारण (R) :** सर्दी आने पर कवि कमल - पुष्प की भाँति नष्ट हो जाना स्वीकार करता है किंतु धर्म का मार्ग नहीं छोड़ सकता है। **a.** कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है। **b.** कथन (A) सही नहीं है, कारण (R) सही है।	1

	c. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता। **d.** कथन (A) सही है तथा कारण (R) दोनों सही हैं, कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।	
5.	कवि ने अपना दुख कभी किसी से नहीं कहा। इससे कवि की किस चारित्रिक विशेषता का पता चलता है ? a. विपदाओं में धैर्य रखना। b. स्वयं को भाग्यहीन मानना। c. किसी के समक्ष ना झुकने की ज़िद। d. कर्म पर अटूट विश्वास।	1
प्रश्न 5.	निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :-	**05x01=05**
	ये लोग आधुनिक भारत के नए 'शरणार्थी' हैं, जिन्हें औद्योगीकरण के झंझावात ने अपनी घर-ज़मीन से उखाड़कर हमेशा के लिए निर्वासित कर दिया है। प्रकृति और इतिहास के बीच यह गहरा अंतर है। बाढ़ या भूकंप के कारण लोग अपना घरबार छोड़कर कुछ अरसे के लिए ज़रूर बाहर चले जाते हैं, किंतु आफत टलते ही वे दोबारा अपने जाने-पहचाने परिवेश में लौट भी आते हैं। किंतु विकास और प्रगति के नाम पर जब इतिहास लोगों को उन्मूलित करता है, तो वे फिर कभी अपने घर वापस नहीं लौट सकते। आधुनिक औद्योगीकरण की आँधी में सिर्फ़ मनुष्य ही नहीं उखड़ता, बल्कि उसका परिवेश और आवास स्थल भी हमेशा के लिए नष्ट हो जाते हैं।	
1.	प्रकृति के कारण विस्थापन और औद्योगीकरण के कारण विस्थापन के क्या परिणाम होते हैं ? a. लोग सदा के लिए अपना घर छोड़ जाते हैं। b. विकास सुनिश्चित होता है।	1

<table>
<tr><td></td><td>c. मनुष्य की भौतिक प्रगति धीमी होती है।
d. सार्वभौमिक क्षति होती है।</td><td></td></tr>
<tr><td>2.</td><td>आधुनिक औद्योगीकरण का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ?
a. मनुष्य की संस्कृति और जीवन शैली नष्ट हो जाती है।
b. मनुष्य का जीवन स्तर ऊपर उठता है।
c. मनुष्य को खानपान एवं आवागमन की सुविधा अधिक मिलती है।
d. मनुष्य प्रवासी हो जाता है।</td><td>1</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए गद्यांश के अनुसार सही कथन को चयनित कर लिखिए।
a. प्रकृति से उपजी आपदाएँ सदा मानव निर्मित रही हैं।
b. भारत में नए - नए शरणार्थी शरण ले रहे हैं।
c. इतिहास विकास और प्रगति का विरोधी रहा है।
d. चिंतनहीन उद्योग मानव सभ्यता के लिए घातक हैं।</td><td>1</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए ।
<table>
<tr><th colspan="2">कॉलम 1</th><th colspan="2">कॉलम 2</th></tr>
<tr><td>1</td><td>नए शरणार्थी</td><td>(i)</td><td>सांस्कृतिक जीवन शैली</td></tr>
<tr><td>2</td><td>निर्वासन</td><td>(ii)</td><td>नकारात्मक औद्योगीकरण</td></tr>
<tr><td>3</td><td>परिवेश</td><td>(iii)</td><td>प्रवास</td></tr>
</table>
a. 1-(ii), 2-(iii), 3-(i)
b. 1-(i), 2-(iii), 3-(ii)
c. 1-(i), 2-(ii), 3-(iii)
d. 1-(ii), 2-(i), 3-(iii)</td><td>1</td></tr>
</table>

5.	आधुनिक भारत के नए शरणार्थी किन्हें कहा गया है ? a. किसान और मजदूरों को b. विकास के नाम पर विस्थापित लोग c. प्राकृतिक आपदाओं से उजड़े लोगों को d. विदेश से भारत में शरण लेने वाले लोगों को	1
प्रश्न संख्या	**पूरक पाठ्यपुस्तक अंतराल भाग 2 पर आधारित प्रश्न**	**अंक (07)**
प्रश्न 6.	निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :-	**07x01=07**
1.	सूरदास की झोंपड़ी पाठ का मूल स्वर क्या है ? a. मनुष्यों का आपसी संघर्ष b. आम आदमी का संघर्ष और जिजीविषा c. द्वेष, ईर्ष्या, त्याग और संघर्ष d. सामाजिक असमानता	1
2.	पाठ अपना मालवा खाऊ - उजाड़ू सभ्यता में - "उजाड़ की अपसभ्यता" से लेखक का क्या आशय है ? a. आज के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन b. मालवा में बढ़ता औद्योगिक क्षेत्र c. भूमण्डलीय ऊष्मीकरण d. ख़राब होता पर्यावरण	1
3.	बिस्कोहर की माटी पाठ में लेखक माँ की तुलना बत्तख से क्यों करता है ? a. माँ लेखक की और बत्तख अंडों की रक्षा करती थीं। b. माँ और बत्तख दोनों में ममत्त्व था। c. माँ लेखक की देखभाल करती थीं। d. माँ लेखक को तथा बत्तख अंडों को अपने पास रखती थीं।	1

4.	निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए । **कथन (A) :** सूरदास खेल में रोने को बुरा मानता है। **कारण (R) :** सूरदास जीवन में संघर्ष का महत्त्व जानता है। **a.** कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है। **b.** कथन (A) सही नहीं है, कारण (R) सही है। **c.** कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है । **d.** कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।	1
5.	बिस्कोहर की माटी पाठ में - **"अप्राप्ति की कितनी और कैसी प्राप्तियाँ होती हैं !"** उपरिलिखित पंक्ति के आधार पर निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :- **कथन (I) :** अप्राप्ति में त्याग और प्रेम की भावना है। **कथन (II) :** अप्राप्ति का भाव, प्राप्ति के भाव से बड़ा है। **कथन (III) :** प्राप्ति कभी न समाप्त होने वाली दौड़ है। **कथन (IV) :** जब कुछ प्राप्त नहीं होता है तब उसके स्थान पर और कुछ महत्त्वपूर्ण मिलना निश्चित है। सही कथन/ कथनों वाले विकल्प को चयनित कर लिखिए। **a.** कथन (II) तथा (III) सही हैं। **b.** कथन (I), (II) तथा (III) सही हैं।	1

	c. कथन (II), (III) तथा (IV) सही हैं। **d.** कथन (I) तथा (III) सही हैं।	
6.	अपना मालवा खाऊ - उजाड़ू सभ्यता में पाठ का मूल स्वर क्या है ? a. मालवा के सौंदर्य का रेखांकन b. औद्योगिक विकास का खंडन c. पर्यावरण संबंधी चिंता व मनन d. मालवा की यात्रा का वर्णन	1
7.	सूरदास का कथन, "तो हम सौ लाख बार बनाएँगे।" - से सूरदास की किस चारित्रिक विशेषता का पता चलता है ? a. संघर्षशील और जुझारू b. आशावादी किंतु आदर्शवादी c. यथार्थ और कल्पना में भेद नहीं कर पाना d. शत्रु पर विजय प्राप्ती को प्रतिबद्ध	1
खंड – ब (वर्णनात्मक प्रश्न)		
प्रश्न संख्या	**जनसंचार और सृजनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न**	**अंक (17)**
प्रश्न 7.	निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी **एक** पर लगभग 100 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए :- (क) जब मैं पेड़ की छाँव में बैठी (ख) चंद्रयान 3 की सफलता पर मेरी प्रतिक्रिया (ग) विचारों में मग्न में जा रहा था कि	**05x01=05**
प्रश्न 8.	निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** के लगभग 60 शब्दों में निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :-	**03x02=06**

(i)	कविता लेखन में चित्र भाषा का औचित्य सिद्ध कीजिए।	3
(ii)	नाटक लिखते समय नाटककार को किन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना चाहिए? किन्हीं तीन बिंदुओं को लिखिए।	3
(iii)	कहानी में द्वंद्व का क्या योगदान है? सिद्ध कीजिए।	3
प्रश्न 9.	निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए :-	**03x02=06**
(i)	उलटा पिरामिड शैली से क्या तात्पर्य है? इसका क्या महत्व है?	3
(ii)	टेलीविज़न समाचार के लिए कैसी भाषा उपयोगी होती है?	3
प्रश्न संख्या	**पाठ्यपुस्तक अंतरा भाग 2 पर आधारित प्रश्न**	**अंक (20)**
प्रश्न 10.	निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :-	**02x02=04**
(i)	'महीं सकल अनरथ कर मूला' पंक्ति द्वारा भरत के विचारों-भावों का स्पष्टीकरण कीजिए।	2
(ii)	बनारस कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।	2
(iii)	इस वर्ष के पाठ्यक्रम में आपने एक प्रयोगवादी कविता पढ़ी है, जिसमें दीपक के माध्यम से लघु मानव को महत्व दिया गया है। इसकी उपयोगिता सिद्ध करते हुए अपने विचार लिखिए।	2
प्रश्न 11.	नीचे दिए गए काव्यांशों में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।	**06x01=06**
	मैंने देखा एक बूँद सहसा उछली सागर के झाग से रंग गई क्षणभर	6

	ढलते सूरज की आग से। मुझको दीख गया : सूने विराट् के सम्मुख हर आलोक-छुआ अपनापन है उन्मोचन नश्वरता के दाग से! ***अथवा*** कुसुमित कानन हेरि कमलमुखि, मूदि रहए दु नयान। कोकिल-कलरव, मधुकर-धुनि सुनि, कर देइ झाँपइ कान।। माधब, सुन-सुन बचन हमारा। तुअ गुन सुंदरि अति भेल दूबरि-गुनि-गुनि प्रेम तोहरा।। धरनी धरि धनि कत बेरी बइसइ, पुनि तहि उठइ न पारा।	
प्रश्न 12.	निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :-	**02x02=04**
(i)	लेखक रामचंद्र शुक्ल जी के पिता भारत जीवन प्रेस की पुस्तकें छिपाकर रखते थे। क्या उनके द्वारा ऐसा किया जाना उपयुक्त था? कथन के आलोक में अपने विचार स्पष्ट कीजिए।	2
(ii)	'कुटज' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि 'दुख और सुख तो मन के विकल्प हैं।'	2

(iii)	लघुकथा 'शेर' के अनुसार जंगल में लेखक को आशा के विपरीत कौन-सा दृश्य नज़र आया, वर्णन कीजिए।	2
प्रश्न 13.	नीचे दिए गए गद्यांशों में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।	**06x01=06**
	जलपान करते समय हरगोबिन को लगा, बड़ी बहुरिया दालान पर बैठी उसकी राह देख रही है-भूखी, प्यासी...! रात में भोजन करते समय भी बड़ी बहुरिया मानो सामने आकर बैठ गई...कर्ज़-उधार अब कोई देते नहीं।....एक पेट तो कुत्ता भी पालता है,लेकिन, मैं?....माँ से कहना...!! हरगोबिन ने थाली की ओर देखा-भात-दाल, तीन किस्म की भाजी, घी, पापड़ अचार... बड़ी बहुरिया बथुआ साग उबालकर खा रही होगी। बूढ़ी माता ने कहा, ''क्यों बबुआ, खाते क्यों नहीं?'' ***अथवा*** कुछ दिनों के बाद मैंने सुना कि शेर अहिंसा और सह-अस्तित्वाद का बड़ा ज़बरदस्त समर्थक है, इसलिए जंगली जानवरों का शिकार नहीं करता। मैं सोचने लगा, शायद शेर के पेट में वे सारी चीज़ें हैं जिनके लिए लोग वहाँ जाते हैं और मैं भी एक दिन शहर के पास गया। फिर आँखें बंद किए पड़ा था और उसका स्टाफ़ ऑफिस का काम निपटा रहा था।	6
प्रश्न संख्या	**पूरक पाठ्यपुस्तक अंतराल भाग 2 पर आधारित प्रश्न**	**अंक (03)**
प्रश्न 14.	निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किसी **एक** का लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए :-	**03x01=03**
	'अपना मालवा: खाऊ-उझाड़ू सभ्यता में' पाठ के माध्यम से आपने पर्यावरण विनाश के विषय में जाना। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में भयंकर त्रासदियों का सामना करना पड़ रहा है, पर्यावरण को विनाश से बचाने के लिए आप क्या कर सकते हैं अपने विचार लिखिए।	3

	अथवा 'सूरदास की झोंपड़ी' उपन्यास अंश में ईर्ष्या, चोरी, ग्लानि, बदला जैसे नकारात्मक मानवीय पहलुओं पर अकेले सूरदास का व्यक्तित्व भारी पड़ता है। मानवीय मूल्यों की दृष्टि से इस कथन पर अपने विचार लिखिए ।	
-x-----x-----x-----x-		